# छात्रों को नवोन्मेष कर आगे बढ़ते रहना होगा : राज्यपाल

## यूपीईएस के दीक्षांत समारोह में छात्रों को मिली डिग्रियां

देहरादून, 2 दिसम्बर (स.ह.) : यूपीईएस के 21 वें दीक्षांत समारोह में 2656 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अप्रा) गुरमीत सिंह ने समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। समारोह में 15 स्वर्ण पदक, 61 रजत पदक, सीसीई स्नातक को 6 सिल्वर प्लेट और 24 प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इसमें अधिकतम 36 लाख रुपये प्रति वर्ष का पैकेज पाने वाले छात्र को भी सम्मानित किया गया।




शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सभी छात्रों को पेशेवर तौर पर अव्वल दर्जे का होना चाहिए। छात्रों को लगातार सीखते रहने होगा। समाज को वापस देने की भावना भी होना चाहिए। इसके साथ ही उन्हें नवोन्मेष करते रहना होगा।

यूपीईएस के कुलपति डा. राम शर्मा ने कहा कि छात्रों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखना होगा। उन्हें बिना डरे और घबराएं नए नए प्रयास करने होगे। नवोन्मेष करते रहे। चुनौतियों को अवसर में तब्दील करने की कोशिश करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें नई सोच के साथ दुनिया में आगे बढ़ते रहना होगा। छात्रों को बिल्कुल भी निराश नहीं होना है। उनकी सोच ही उनका भविष्य बनाएगी। इसलिए उन्हें ऊर्जा से भरकर काम करना होगा।